an>

Title: Need to open a Central Agriculture University at Chhattarpur in Tikamgarh Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : महोदया, टीकमगढ़ छतरपुर सहित बुंदेलखण्ड कृषि प्रधान क्षेत्र है। केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय खोले जाने की मांग क्षेत्र की जनता द्वारा लम्बे समय से की जा रही है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भी टीकमगढ़ में मिनोरा फार्म और कृषि विज्ञान केंद्र के पास लगभग 700 एकड़ जमीन देने का प्रस्ताव किया गया है। छतरपुर में नौगांव के पास भी सैंकड़ों एकड़ जमीन खाली है, जिसको राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय खोलने के लिए केंद्र सरकार को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव किया गया है। मध्य प्रदेश को केंद्र सरकार द्वारा दिए गए बुंदेलखण्ड पैकेज के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में छोटे-छोटे काम जैसे छोटी-छोटी नहरों एवं बांधों के काम कराए गए, लेकिन बुंदेलखण्ड के सम्पूर्ण आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए अगर केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाती है तो इस क्षेत्र के विकास के लिए काफी अवसर उपलब्ध होंगे।